# सारी दुनिया ने ठुकराया तूने मुझे अपनाया भजन लिरिक्स

सारी दुनिया ने ठुकराया,
तूने मुझे अपनाया,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया।bd।

---

तेरे दर की बात अलग है,
जो ना हुआ था अब वो हुआ है,
जो कहते थे हम हैं तेरे,
उनको तूने समझाया,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया।bd।

---

तू है मेरा मैं हूँ तेरा,
मेरे दिल पर श्याम का पहरा,
श्याम मेरी ये विनती सुनकर,
नैया पार लगाना,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया।bd।

---

इन नैनो में तूने बसाया,
नाम तेरा मैं सुनकर आया,
तेरे दर की तरह पैड़ी,
चढ़कर मैं हर्षाया,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया।bd।

---

बीच भवर में थी मेरी नैया,
जब तूने देखा पकड़ी मेरी बइयाँ,
बइयाँ पकड़ कर तूने चलाया,
जब 'विनी' घबराया,
ओ बाबा मेरा बेडा पार लगाया।bd।

---

सारी दुनिया ने ठुकराया,
तूने मुझे अपनाया,
ओ बाबा मेरा बेड़ा पार लगाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com